Sir, the law and order situation in Tamil Nadu is very bad. There is no law and order. Murders are taking place in various parts. Two years ago a lady named Prema was murdered in Basant Nagar. The case was not investigated and the culprit has not been brought to book so far. In Chetput the house of an old lady named Raja Lakshmi was looted and she was murdered in broad daylight. In this case also no arrests have so far been made. Recently about ten days ago another theft and murder took place in multi-storyed quarters of a government servants colony. The wife of a government employee was murdered. No action has been taken so far. Rapes have also taken place in Karaikudi, Coimbatore, etc. Rapes are taking place in many places. Instead of taking action against the culprits, Mr. M. G. Ramachandran is instigating all those culprits and anti-social elements.

Mr. Chairman, Sir, strikes have been banned. Our Communist friends are the supporters of Shri Ramachandran. Now no worker can go on strike for his just demands. Workers, weavers, cultivators, teachers, professors, students and engineers have been taken under custody when they put forward their just demands. Finally, police has also gone on strike. The pity is that police were allowed to form their association. They formed an association and elected their leaders and office bearers One day Shri Ramachandran called some of the police officials and asked them to form another association, viz., a minority association. A minority association was formed and the Chief Minister one day announced that he is going to recognise the minority association. The majority association consisting of 40,000 members went on strike with the result that they have

been arrested, beaten up and lathi-charged. More than one thousand police personnel have been dismissed. This is the position. The law and order situation in Tamil Nadu is nil.

Then, Sir, Shri M. G. Ramachandran, Janata Party, CPI and CPI(M) all joined together in Tamil Nadu and fought against DMK, Congress and Muslim League alliance. Mr. Ramachandran categorically announced in his election mainfesto which reads as follows:

> "The manifesto also expresses ADMK determination to work for the establishment of a national Government at the Centre to be truly representative of the States in the country.'

Then the report says:

> 'Both the Chief Minister Mr. M. G. Ramachandran and the State Finance Minister Mr. K. Manoharan, who released the mainfesto at a huge public meeting, explained that the Union Cabinet under the national Government should consist of representatives of the ruling parties in the States.
>
> They said that a one-party rule, one-leader rule and dynastic rule would spell danger to democracy and should not be accepted. This was the main issue in the current elections.

About Mrs. Gandhi's reported remark on regional parties, he said:

> 'This smacked of autocracy and dictatorship, and should be resisted'.

This is what he said in the conference. The leaders of other political parties were there, namely, Mr. P. Manickam (CPI), Mr. A. Balasubramaniam (CPI-M), Mr. P. Ramachandran, formerly Minister in the Janata Government, and so on. They were present at that meeting. In that meeting they continued to say that the ADMK pledged itself to fight Mrs. Gandhi's dictatorship from now on and after election.' Sir, this is an important thing. He has pledged so in front of all the leaders. I am telling to all our friends how he is pulling down your legs. That is why I am telling you all these things. He said:

> 'Fight Mrs. Indira Gandhi's dictatorship from now and after election'.

Now Mr. M.G.R. comes to Delhi and prostrates before Mrs. Indira Gandhi. So, this is the position, Sir.

We support Mrs. Indira Gandhi for this simple reason. Our leader Dr. Kalaignar Karunanidhi said this in a huge public meeting, in the beach meeting and Mrs. Indira Gandhi also addressed that meeting. This is what he said and quote him:

> 'We do not want a tamasha at Delhi. We want a Government—a good Government and a stable Government. We believe that only Mrs. Gandhi can give us a stable Government.'

This is what he stated, Sir. That is why we support this Government, a stable Government.

Before I conclude, Sir, I wish to refer to the call given to us on the 14th of January, 1980 by Mrs. Indira Gandhi. She said this and I quote:

> 'We have only one adversary—social and economic injustice. We have one goal to build a strong nation, self-confident, self-reliant, independent India. Come, now let us all work together.'

By saying this, Sir, I spport the Motion moved by Mr. S. M. Krishna.

श्री नगीना राय : (गोपालगंज) : सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव है मैं उसका समर्थन करता हूं। राष्ट्रपति के अभिभाषण में इकोनामिक पौलिसी का बहुत स्पष्ट जिक्र किया गया है और यह भी कहा गया कि पुन: 20 सूत्री कार्यक्रम को लागू किया जायेगा जो

[श्री नगीना राय]

भी काम विकास के हुये थे उसे जनता पार्टी की सरकार ने विकास से संबंधित कार्य ढाई वर्ष में पीछे ढकेल दिया था उसे पुनः चालू किया जायेगा और किसानों को उचित मूल्य मिलेगा।

सबसे बड़ी बात यह है कि आज इस देश में किसान खुशहाल नहीं है। जो इस देश की हालत है उसमें आज भी सिचाई के पूरे साधन किसान को उपलब्ध नहीं हो पाये हैं। आज भी यहां की कृषि मौसम पर निर्भर करती है, और खास कर बिहार में उत्तरी बिहार बाढ़ का शिकार और दक्षिणी बिहार सूखे का शिकार होता है। नैपाल से जितनी नदियां निकलती हैं तमाम बिहार के उत्तरी हिस्से से हो कर आती हैं और किसानों की तमाम फसल को जो काट कर घर ले जाने के लिये होती है उसे बाढ़ से बहा कर साफ कर देती है।

आज हमारे देश में जो भी ऋण की व्यवस्था किसानों के लिये की गई है वह इतनी मंहगी पड़ती है कि जिसका ठिकाना नहीं। आज हिन्दुस्तान के रिजर्व बैंक से जो पैसा ऋण के रूप में दिया जाता है उस पर 15 फीसदी सूद पड़ जाता है। यदि हम दुनिया के अन्य देशों को देखें, तो थाईलैंड का रिजर्व बैंक 1 परसेंट सूद लेकर को-आपरेटिव बैंक को पैसा देता है, जो कि किसानों तक पहुंच कर 4 परसेंट पड़ता है। लेकिन हिन्दुस्तान का रिजर्व बैंक जो पैसा देता है, उसका सूद किसानों पर 15 परसेंट पड़ता है। आज हिन्दुस्तान के खेतिहरों की हालत बहुत खराब है। वास्तव में दुनिया भर में खेतिहर तबाह हैं और खेती के काम को छोड़ना चाहते हैं। अमरीका में 1890 में 93 परसेंट लोग खेती करते थे, जबकि आज सिर्फ 7 परसेंट लोग खेती के काम में लगे हुये हैं। जापान में सिर्फ 8 परसेंट लोग खेती करते हैं, मगर वे दूसरी इंडस्ट्रीज में भी लगे हुए हैं। अगर हिन्दुस्तान के गृहस्थ को उचित मूल्य नहीं मिलेगा, तो वह खुशहाल नहीं हो सकेगा और हमारी इकानोमी बिगड़ती चली जायेगी। यह खुशी की बात है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कहा गया है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिया जायेगा।

जो चुनाव हुए, उनके परिणाम देश के सामने हैं। जनता पुनः श्रीमती गांधी को पावर में लाई है। हमारे विरोधी दल के मित्र बड़ी लम्बी चौड़ी बातें करते हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि मुजफ्फरपुर में श्री जार्ज फर्नान्डीज चुनाव लड़ रहे थे। वह कोई बहुत बड़े कैपिटलिस्ट नहीं हैं, कोई पूंजी का भंडार उनके पास नहीं है, लेकिन करोड़ों रुपये उन्होंने वहां बहाये। किस नीति से बहाये? वहां लोगों में 500 साइकलें बांटी गईं, घड़ियां बांटी गईं। बूथ-कैपचरिंग के लिये पांच-पांच हजार रुपये का ठेका दिया गया। तीन-तीन हजार रुपये पहले दिये गये और बूथ कैपचर करने के बाद बाकी दो-दो हजार रुपये दिये गये। इसके अलावा उन्होंने कास्ट रायट्स कराने की कोशिश की। श्री जार्ज फर्नान्डीज ने पैसे का जाल बिछा दिया, करोड़ों रुपया खर्च किया। वह अपने आपको सोशलिस्ट कहते हैं। क्या वह पूंजीपतियों के एजेंन्ट हैं, क्या उनके कल-कारखाने हैं? उनके पास पैसा कहां से आया?

बंगाल में क्या हुआ है? वहां वोटरों को टेररा़इज किया गया, गरीब वोटरों को वोट देने से रोका गया। अगर आज वहां पर एसेम्बली के इलैक्शनन्ज हों, तो बंगाल के लोग सत्तारूढ़ पार्टी को बाहर धकेल देंगे। आज बंगाल में कोई ला एण्ड आर्डर नहीं है। इस देश में एक द्रोपदी के चीर-हरण पर महाभारत हुआ था। लेकिन आज बंगाल में शील-हरण की घटनायें रोज घट रही हैं और सरकार सो रही है। आज बंगाल की हालत दयनीय है।

आज देश में अराजकता फैली हुई है, मगर यह खुशकिस्मती की बात है कि जनता ने यह विश्वास प्रकट किया है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी देश में फिर शांति और व्यवस्था कायम कर सकेंगी। आवश्यकता इस बात की है कि ला एण्ड आर्डर की पोजीशन को तुरन्त सम्भाला जाये।

जिन राज्यों की सरकारें नाकाबिल और निकम्मी साबित हो रही हैं, जहां की जनता ने कांग्रेस को बहुत भारी बहुमत से जिताया है उन्हे तुरन्त बर्खास्त करना चाहिये और वहां पर ला एण्ड आर्डर रेस्टोर करना चाहिये। आज उन सरकारों के बने रहने का क्या औचित्य है? इसी आधार पर इन लोगों ने 1977 में राज्य सरकारों को तोड़ दिया था। लेकिन आज चौधरी साहब को यह बात खटकती है, इससे उनको बेचैनी हो रही है। लेकिन उनकी सरकार तो वैसे ही टूट रही है और उनकी पार्टी समाप्त हो रही है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में यह स्पष्ट निर्देश होना चाहिये था कि जनता द्वारा दिये गये मैंडेट के आधार पर उन सरकारों को तुरन्त बर्खास्त किया जाएगा और उन राज्यों में नये चुनाव कराये जायेंगे।

मैं बहुत ठंडे शब्दों में कहना चाहता हूं कि ये राज्य चलाने के नाकाबिल हैं। मैं एक मिसाल देना चाहता हूं। मुसलमान भाइयों के मजार होते हैं। सूट बूट लगाकर बड़े बड़े ब्लैक मार्केटियर, स्मगलर, दुकानदार और रहनुमा लोग मजार के पास पहुंचे और जो वहां पर खड़े हुये उनकी गाड़ियां सड़क पर खड़ी थीं। जो किसान खेत जोतते थे, कोड़ते थे, सोहते थे और हल चलाते थे, उन्होंने देखा कि यहां भी तस्वीर ही बदल गई है ये लोग मजार पर आ गए हैं।

उन लोगों की आशा जागी । वे लोग इकट्ठे हो कर मजार पर गए और यह पूछा कि ये लोग क्या करने आये थे ।

क्या कहा , क्या किए ? तो रुह ने कहा–

आये थे मेरी कब्र पर, सिगरेट धराकर
चल दिए ।

दिए में जो तेल था, सर पर लगा कर
चल दिए ।

इतना ही कह कर मैं समाप्त करता हुं ।

श्री कृष्ण दत्त (शिमला) : सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी ने संसद् के दोनों सदनों के समक्ष जो भाषण दिया उसका समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं । जहां तक हमारे देश की स्थिति का ताल्लुक है उसका इसमें जिक्र किया गया । देश के अन्दर पीछे जो आपस में साम्प्रदायिक हमले हुए देश का मान कटा और देश के अन्दर जो एनार्की फैली, हमारी सरकार पूरी तरह उस से खबरदार है । पिछली सरकार ऐसी सरकार थी जो ला एण्ड आर्डर मुल्क के अन्दर कायम नहीं रख सकी । हिन्दुस्तान के लोगों ने देखा कि वह सरकार जब बनी तो महात्मा गांधी की समाधि पर उन्होंने कसम खाई कि हम आपस में नहीं लड़ेंगे लेकिन अपनी उस लड़ाई के नतीजे में सारा देश उन्होंने बरबाद कर दिया । यह एक बहुत बड़ा उदाहरण उन्होंने हमारे सामने पेश किया ।

मैं अपने क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की बात कहना चाहता हूं । जिस प्रकार से वहां नेकरधारियों की सरकार बनी, उसके बाद उन्होंने वहां रिज पर कसम खाई कि बापू , हम बड़ी कोठियों में नहीं रहेंगे , साधारण बंगलों में रहेंगे, गरीबों की सेवा करेंगे लेकिन उन्होंने क्या किया ? जो यहां केन्द्र में उनके स्वास्थ्य मंत्री थे राजनारायण जी, वह वहां पर पहुंचे । वह इत्र साथ रखते थे, उन्होंने इत्र उनकी तरफ फैंका और कह दिया कि आपकी शुद्धि मैं कर रहा हूं । उसके बाद दो मिनट के अन्दर उनको मंत्री पद से निकाल दिया गया । वह सरकार जो भी जो कहती थी कि हम महात्मा गांधी के पुजारी हैं , उसने यहां इस देश में ही नहीं , बाहर भी हमारे मान को घटाया । हमारे भाइयों ने जो यह कहा है कि पिछली जो इंदिरा गांधी की सरकार थी वह तानाशाह थी , तो तानाशाह तो आप थे जिन्होंने जब चिकमंगलूर से हमारी नेता चुन कर आयीं तो अपनी मेजारिटी के बलबूते पर उन को निकाल दिया । तो तानाशाह तो आप हैं न कि हम तानाशाह हैं । हमने चुनाव कराया है, इस देश की आर्थिक स्थिति को हमने मजबूत किया है हमारे समय में देश के अन्दर परमाणु विस्फोट हुआ , हमारे देश के लोगों ने बंगला देश के लोगों का यहां पालन पोषण किया । लेकिन वह सरकार तो अपने घर के लोगों का पालन-पोषण करने में लगी रही । जो भी उन्होंने किया अपने आदमियों का किया चाहे वह पूंजीपति थे चाहे कुछ भी थे उन्हीं की इन लोगों की मदद की । जहां तक अपोजिशन के दूसरे लोगों का ताल्लुक है अगर वे देश के हित की बात करते हैं तो हमारा कोआपरेशन बराबर अपोजिशन के साथ रहता है । मगर वे इस तरह की बातें करते रहे कि दस साल के अन्दर देश की गरीबी को हटा देंगे, गरीबी को जड़ से उखाड़ कर फेंक देंगे इस तरह का आश्वासन नौजवानों को दिया और यहां पर सर्विसिज के लोगों को यह कह दिया कि यह तो कांग्रेस वालों के टाइम के भरती किए हुए हैं इनके ऊपर हमारा एतबार नहीं है इनके केन्द्र के मंत्री इस तरह की बातें कहते रहे हैं, इसका परिणाम क्या निकला ? इस देश के नौजवानों ने देख लिया कि उनको बहुत झूठ तरीके से फुसलाया गया । आज ये फुसलाये नहीं जा सकते । आज सारे लोग जाग्रत हैं और वे यह समझते हैं कि हमने स्थायी सरकार देश को दी है उसी से हमारा भला होगा । आप कहते हैं कि हमें तो कम वोट मिले हैं लेकिन आपने जो चार पांच पार्टियों का टोला बनाया, उसके बाद भी आप इतने मत प्राप्त नहीं कर पाये कि अपनी सरकार कायम रखते । देश की जनता ने जहां आपको बहुमत दिया था वहां आप अपने आप ही खत्म हो गए, अपनी खुदकशी कर ली ।

जहां तक हिमाचल प्रदेश का ताल्लुक है, वहां जो सरकार बनी, उस सरकार ने बहुत बड़ी धांधली मचाई हुई है । वहां पर वाइस-चांसलर इस तरह के लोग रख दिए गए जो निकरधारी थे । उन्होंने बच्चों के ऊपर गोलियां चलवाईं, लाठियां चलवाईं, ला एण्ड आर्डर को खराब कर दिया । आज डीजल की बात आती है —हिमाचल प्रदेश में जो आलू या सेब की फसल पैदा होती है उसको उन्होंने बिलकुल बरबाद कर दिया । हिमाचल प्रदेश में क्या हो रहा है ? वहां जनता पार्टी के विधायक आलू के सवाल पर विधान सभा के बाहर हड़ताल पर बैठते हैं । जिस दल के विधायक हड़ताल पर बैठे और जहां की सरकार 50 रुपया बोरी का भाव मुकर्रिर करे—यह सब क्या हो रहा है ? वहां की सरकार बिलकुल कानून-शिकनी कर रही है उस सरकार को फौरन डिस्मिस किया जाय, हटा दिया जाय ताकि वहां के लोग सुख की सांस ले सकें ।

हमारे यहां डीजल की कमी है । इसका क्या कारण है ? इन्होंने ऐसे लोगों को पैट्रोल के पंप दिए हैं जो निकरधारी हैं । इन्होंने जनता का भला करने के बारे में नहीं सोचा सिर्फ अपने लोगों को ही फायदा पहुंचाने की कोशिश की है ।

[श्री कृष्ण दत्त]

हमारे राष्ट्रपतिजी ने अपने एड्रेस में 20 सूत्री प्रोग्राम का जिक्र क्या है यह बहुत अच्छा प्रोग्राम है इस में फैमिली प्लानिंग का जिक्र किया गया है । मैं आपको बतलाऊ ---जहां जहां जनता पार्टी की सरकारें हैं जब हम आज इलैक्शन जीत कर आए तो उन्होंने अपने आर० एस० एस० के वर्करों के जरिए जनता में यह प्रचार करना शुरु कर दिया कि अब इंदिरा गांधी की सरकार आ गई हैं फैमिली प्लानिंग करायेगी । इस तरह की गुमराह करने वाली बातें जनता में फैलायी जा रही हैं, हमें इन सब बातों से सतर्क रहना चाहिए । मैं कहना चाहता हूं--जहां आप लोगों ने गलती की है और जहां अपोजीशन वालों ने गलती की है हमें उन सब से सबक लेना चाहिए । और कंस्ट्रक्टिव काम की तरफ आयें जिस से लोगों को सुख मिले ।

यहां पर मजदूरों के कल्याण की बातें कहीं जाती हैं लेकिन ये इस बात को नहीं देखते कि अपने टाइम में बेरोजगारी बढ़ाते गए हैं. ला एण्ड आर्डर खराब करते गए हैं । अपने टाइम में जयप्रकाश जी के बारे में जिन का ये लोग लोक नायक के रुप में नाम लेते हैं इन्हीं लोगों ने इसी माननीय सदन में उन को मृत घोषित करके प्रस्ताव पास किया था । इन के रेडियों को भी उसका पता न था । मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्होंने इस मुल्क के अन्दर कोई अच्छा काम नहीं किया । लेकिन जहां तक हमारी सरकार के कामों का तांल्लुक है--हमारी सरकार की कुछ नीतियां हैं कुछ पालिसीज हैं । इंदिरा जी की इन नीतियों के साथ हम सब का पूरी तरह से जोरदार समर्थन है और देश ने भी उन नीतियों के आधार पर इंदिरा जी को पूरा समर्थन दिया है संजय गांधी को समर्थन दिया है जो लाखों वोटों से जीत कर आये हैं । आप कहते है कि ये तानाशाह है । ये तानाशाह नहीं हैं अगर ये तानाशाह होते तो देश के अन्दर चुनाव न होते । आप लोगों ने देश का बेड़ा गरक कर दिया है इतना नुकसान किया है इतनी तबाही की है जिसका कोई हिसाब नहीं है । लेकिन हमारे लोगों में एक से एक आला दर्जे के लोग हैं आल दर्जे के मंत्री हैं मैम्बर पालियामैन्ट हैं जिन को जनता ने चुन कर भेजा है और बहुत ज्यादा वोटों से चुन कर भेजा है । आप लोगों ने हर तरह से हमारे रास्तों में रुकावटें डाली लेकिन हमारे वोटरों ने कुरबानी देकर हमें इस संसद में चुनकर भेजा है ।

मैं आपका बड़ा आभारी हूं आपने मुझे बोलने का मौका दिया । हमारे राष्ट्रपति जी ने एक बहुत अच्छा भाषण दिया है जिस का हम पुरजोर समर्थन करते हैं । धन्यवाद ।

DR. KARAN SINGH (Udhampur): Mr. Chairman, Sir: As we enter the new decade, the nation faces a grave and multi-dimensional crisis, overcoming which will require the mobilization of all the material, moral and spiritual resources of the nation. The dimensions of this crisis are many. But broadly, they fall into 3 categories—the economic, political and international.

In any nation where millions still live below what is generally accepted as the human standard of living, economic problems must necessarily get priority; and I am glad that the President's Address has highlighted the importance of getting the economy moving again. Apart from our long-standing poverty, two factors have increased the burden upon our people. The first is this unprecented drought, the worst in living memory which has covered vast areas of this nation, and has placed an almost unbearable burden upon the already economically weak sections of our society. And secondly, this constant increase in oil prices that takes place, adding hundreds of crores of rupees to our bill every year, is something. beyond our control, which continues to put a great burden upon our resources.

Therefore, as a top priority, we must revitalise the economy, increase production and productivity and instil a work ethic, a philosophy of work into our management as well as the labour. I welcome the emphasis on the minimum needs programme which has been mentioned, because unless we are able to give our people the five needs of life; food, shelter, clothing, health and education and one more need which has not been mentioned in the President's Address and that is employment even if you give the needs of life, and you are not able to give employment, you will find widespread frustration that is growing among the younger genations. I am surprised that the President's Address has not made any mention of this problem of unemployment and the frustration that the younger generations in this country are feeling as a result of lack of em-

ployment opportunities. This is important. Along with the minimum needs of life. This need of employment must be added as an essential pre-requisite.

Energy has been mentioned. What is required is not only a comprehensive energy policy but an agency which would coordinate the various activities in the energy field, whether they relate to petroleum products or to thermal power, hydro-electric power or nuclear energy, solar energy or any other type of energy that we may develop in this country. Unless there is a comprehensive agency which will tie together these various things, we will find ourself in great difficulties in the years and decades ahead. Therefore, I express the hope that a comprehensive agency of this nature will be developed very soon.

The President has mentioned the question of environment. I am glad he has done so, because we must not make the mistakes that the western nations have been making, where their affluent societies are rapidly becoming affluent societies. The pollution is becoming so widespread that they are virtually unable to breathe the air. In Tokyo, people go round in gas masks, the position is so bad. Therefore, now that we have this opportunity to learn from the experience of the West, we have got to take care that our economic development does not pollute the environment and that is where the National Committee for Environmental Planning and Coordination needs to be revitalised. There was a Elect Committee on the Prevention and Control of Air Pollution of which I had the privilege to be Chairman. We travelled throughout the country; and on the last day of the Sixth Lok Sabha, on the 18th May, we presented our Report to Parliament. In that Report, we have made recommendations not only with regard to the Air Pollution Bill but also some general recommendations including steps to save the Taj Mahal from pollution and disintegration. We have made certain concrete proposals with regard to the Mathura Refinery, with regard to other steps that need to be taken. I hope that the Government will lose no time in bringing before this House that Prevention and Control of Air Pollution Bill early in the next session. These are some of the points with regard to the economic policy that I think needs special attention.

Turning to the political scene, there is now, hopefully stability at the Centre. But in the system of our Constitution, stability at the Centre by itself is not enough. Our Constitution envisages a federal polity where the Centre and the States are to be in relationship with each other; and I think it is very important that we should not make mistakes that the Janata Party had made in 1977, which we, on this side of the House, very strongly opposed even then when they dissolved nine State Assemblies on the plea that the result of the general elections had shown that the people thought differently. Let us be clear, in our country people vote differently for the Parliament, very often they vote differently for the State Assemblies, because the problems facing the people are different. The issues before the people are different. Therefore, to argue that because a certain political party has come to power in the Centre it has the mandate to sweep aside all the State Assemblies is a very dangerous and pernicious theory. I express the hope that with their new majority, the Ruling Party will not fall into the same mistake that was made in 1977, because that cuts at the very root of the federal polity that the constitution-makers had envisaged.

The second point that I should like to make on the political scene is with regard to North-east. North-east India is in turmoil. 12 Members of Parliament are missing because they have not been elected and the whole North-east India, particularly Assam, is in a way in revolt. The Prime Minister had said that we require a national approach, not a partisan ap-

[Dr. Karan Singh]

proach. That is correct. I have two concrete suggestions to make. The first is that the Prime Minister herself, soon after this session of Parliament, should make a visit to Assam, because personal emissaries howsoever distinguished they may be are never really able to get a full grasp of the situation. I think the Prime Minister's presence there is important.

Secondly, it is the question of foreigners which is, as I see it, the crux around which the controversy rages. There is a plethora of pacts that have taken place over the last thirty years starting with the Nehru-Liaquat Ali Pact, the Indira-Mujib pact and the Morarji-Zia understanding. Then there are a number of constitutional provisions, there are the Foreigners' Act and the Citizenship Act of 1955. I should suggest for the consideration of the government that a high-powered commission under the chairmanship of a retired Chief Justice of India should be set up without delay to look into the whole matter in an objective manner and come to some finding with regard to the question of foreigners.

AN HON. MEMBER: Shah Commission?

DR. KARAN SINGH: You can have Shah if you like, if you want him to take up this matter. Unless this is looked into in a dispassionate manner, you will never come to a firm conclusion. This is the strategy we have adopted. In our own state of Jammu and Kashmir. There are certain very vexed problems; there has been the problem of regional imbalances in Jammu, Kashmir and Ladakh. A commission has been set up under a retired Chief Justice, Mr. Sikri and it is trying to tackle the problem. I am appearing before that commission shortly. It is trying to take a dispassionate view and come to some abiding solution for this problem. When passions are aroused, particularly in this sort of situation, it is necessary that the matter should be looked at with a certain amount of detachment. I do not think that people who are actually involved in this situation can bring that degree of detachment to bear upon the problems. It is a concrete suggestion that I should like to make because I feel that the Assam situation is not a party problem. It is a national problem. All of us are deeply concerned about it. Coming as I do from a State where many of these problems had been before us for over thirty years—including very strong secessionist tendencies—I am perhaps more acutely aware than most others, of the complexities and the nuances that we face in the border areas and therefore this must be approached with sympathy and understanding through the mechanism I have suggested.

With regard to the international situation, I have one difference with the Prime Minister. She has stated that the centre of the cold war is now near our borders. I think that the centre of the hot war is now near our borders because we have a situation where the two super powers and China are likely to come into frontal confrontation right on our borders and that I think represents a grave threat to the security of our nation. There will be a debate on Afghanistan; the Speaker has promised it and the Prime Minister has agreed to it, and therefore I will not go into those details except to say that this is a national problem and we who are living in Jammu & Kashmir are particularly sensitive to this because we have been the victims four times. In 1947 there was the first Pakistani attack when lakhs of people in Jammu & Kashmir were uprooted; 30,000 square miles of our territory is still in Pakistani occupation. In 1962 when there was a war again, our people were uprooted and made refugees. In 1965 when the Chinese attacked, we find that 10,000 square miles of Indian territory in the State of Jammu & Kashmir are still under their occu-

pation. Even in 1971, when we won the great and famous victory which will go down in history as one of our most glorious hours, 25,000 people from Jammu in the Chamb area were rendered homeless. Some refugees are still wandering around without being properly settled. We have borne the brunt of these problems in the last thirty years. Therefore, whereas the whole nation is naturally involved in this, we are very close to the mouth of the volcano.

Therefore, I would like to say that we have got to take every step necessary to safeguard our security, to see that destabilisation of this region does not proceed any further and to try and see that some initiative is taken by India in this matter. It is not enough for us to tag along with other countries. We are the major power in this region. Our national interests are vitally affected and, therefore, we would expect from the Government and the Prime Minister some new initiative. I am glad that President Valery Giscard d'Estaing and the Prime Minister made a statement in this regard. What is important is that it must not be a partisan policy. It must be a national policy.

This brings me to the importance ultimately of involving the Opposition in the solution of these varied problems, the crises I have mentioned. In order to successfully overcome them, two things are required. One is effective Government. By effective Government I do not mean authoritarian Government or heavy headed Government or have handed Government, but Government that genuinely tries to understand and tackle the problems of the people; a Government that is committed to restructuring the national polity and economy; that sore of Government which produces results and solutions. Massive mandates have been produced in the past. In 1971 there was a massive mandate. In 1977 there was a massive mandate. But what happened? Ultimately, we frittered away those advantages, we did not take advantage of those situations to really solve the problems of the people. The people of India are long suffering. They are very patient. But they have proved that they are not to be taken for granted. They can throw out Governments and they can throw in Governments, and the Governments once thrown in can equally be thrown out again. Therefore, I would say that this Government despite its majority, is a Government that is on trial. The people will be watching carefully as to what it is that is actually done to help solve their problems and, therefore, as I said the first requisite is an effective Government. The second requisite is ..... (*Interruptions*)

SHRI N. G. RANGA (Guntur): We have an effective Government.

DR. KARAN SINGH: We do not know. Yet it is too early to say, Prof. Ranga. It is too early to say. It is only 15 days old.

The second pre-requisite is the role of the Opposition. The role of the Opposition is co-equal in importance with that of the Government. It is true, we talk of the massive mandate and it is a remarkable achievement. I agree Smt. Indira Gandhi single handedly toured this whole nation from Udampur in the North down to Kanya Kumari in the South, and a lot of people were elected. However, I hope I will not be called unshivalrous if I point out, with that of the massive mandate the Government represents 43 per cent of the electorate. And 57 per cent ....

SHRI N. G. RANGA: It is an old story.

DR. KARAN SINGH: It is not an old story. It is like you, it is an ever young story. That is a fact.

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI): The other 57 per cent is divided. It is not one.

DR. KARAN SINGH: May I complete the point?. I am saying that two things are required to solve the problem. The first thing is an effective Government. The second thing is an Opposition that is vigilant, an Opposition that fulfils its responsibility. We may be small in numbers but we do represent, divided though we are, 57 per cent of the people of India who voted. Therefore, we have a responsibility. This responsibility, I can assure you on behalf of those sitting on this side of the House, is to support the Government where the national interest requires and to oppose the Government where the public interest demands. This is going to be our duty. I can assure you that this we will do without fear or favour. We will fulfil our responsibility so that the new India of which Mahatma Gandhi and Jawaharlal Nehru dreamt could come into being and the peril that faces us in this very dangerous decade can be overcome. We on this side of the House will be vigilant because constant vigilance is the only way in which the Government can be forced to function in a responsible manner. We will fulfil our responsibility in the hope that the rules of the game will be accepted and we will together move forward towards building that India for which all of us and the ones who came before us have been labouring for many years.

श्री शिवराज वी० पाटिल : (लातुर) : श्रीमन्, लोक सभा चुनाव के बाद जो राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हुआ है उस पर हम चर्चा कर रहे हैं। इस अभिभाषण को पढ़ने के बाद हमको ऐसा लगता है कि कांग्रेस पक्ष ने इतनी बड़ी मैजारिटी में चुन कर आने के बाद खुशी मनाने के बजाय अपनी जिम्मेदारी क्या है यह समझने की कोशिश की है। हमारे देश के सामने प्रश्न क्या है यह ढूंढ कर निकालने की कोशिश की है और वे प्रश्न किस प्रकार से हल किए जा सकते हैं यह बताने की इसमें कोशिश की गई है। और मैं समझता हूं कि जब कि लोगों ने इतने बड़े पैमाने पर कांग्रेस पक्ष के उम्मीदवारों को यहां भेजा है तो यह कहना गलत होगा कि 42 प्रतिशत लोगों का ही हम प्रतिनिधित्व करते हैं और बाकी लोगों का प्रतिनिधित्व जो लोग विरोधी बैंचों पर बठ हुए हैं वे करत हैं, यह कहना गलत होगा।

डा० कर्ण सिंह : यह तथ्य है।

श्री शिवराज वी० पाटिल : यहां पर जो चुन कर नहीं आये हैं उनके भी मतों का ख्याल किया जाना चाहिए। मैं इन बातों के लिए कुछ नहीं कहना चाहता। मगर मैं यह कहना चाहूंगा कि लेजिस्लेटिव मेसर्ज के सम्बन्ध में राष्ट्रपति जी ने जो अपने अभिभाषण में कहा था वह कदम पहले हमने यहां आ कर उठाया। घटना दुरुस्ती के सम्बन्ध में जो उन्होंने बताया, इसके परिच्छेद 32 में बताया गया है कि हम संविधान को दुरुस्त करेंगे और जो शेडयूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के भाई हैं उनको लेजिस्लेचर में बैठने के लिए और 10 साल का मौका देंगे। वह पहला कदम अभिभाषण होते ही दो-तीन दिन के भीतर ही उठाया गया है, और यह खुशी की बात है कि इस सदन के सारे सदस्यों ने उस संविधान की दुरुस्ती का समर्थन किया है। यह हम सब के लिए बड़ी अच्छी बात है।

यहां पर कुछ माननीय सदस्यों ने अपने भाषण में कहा कि इसमें नई चीज कौन सी है ? यह तो सारी पुरानी चीजें हैं। मैं यह मानता हूं कि इसमें बहुत सारी नई चीजें नहीं हैं। मगर जो दो, तीन साल बीते हैं उसमें जो चीजें हो रही थीं, उससे अलग और नई चीजें जरूर इसके अन्दर हैं। यह हो सकता है कि इसके पहले जो 28, 30 साल में हो रहा था उससे नई चीजें नहीं हैं, मगर जो दो-तीन साल में हो रहा था उससे अलग चीजें इसमें जरूर हैं।

मैं सदन का ध्यान अभिभाषण के परिच्छेद 9 की ओर खींचना चाहता हूं। क्या कहा गया है उसमें। उसमें कहा गया है कि हम नियोजन की पद्धति से अपनी अर्थ व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था को बदलना चाहते हैं। मैं पूछना चाहूंगा कि यहां गये तीन साल में क्या इस सदन में बैठकर जो नियोजन की कल्पना थी उसको तोड़-मरोड़ कर हमारे देश के सामने रखा गया था कि नहीं ? इस सदन के सारे सदस्यों को याद है कि इस देश में नियोजन की कल्पना पंडित जवाहर लाल नेहरू सबसे पहले लाये, और उस समय भी उसका विरोध किया गया था। लोगों ने कहा था कि यह कल्पना है, प्रदेश की कल्पना है और यह यहां पर नहीं चल सकेगी, यह कल्पना काम नहीं कर सकेगी ? परन्तु पंडित जवाहर लाल नेहरू का वह नेतृत्व था, उनका जो व्यक्तित्व था उसके आधार पर वह कल्पना यहां आयी और देश में चलती रही। परन्तु ज्यों ही पंडित जवाहर लाल नेहरू हमारे बीच से चले गय, हम सब को याद होगा, इस नियोजन की कल्पना को छुट्टी दे दी एक साल की। नियोजन की कल्पना छोड़ दी गई और प्लान हालिडे की कल्पना आई। उसके बाद श्रीमती गांधी के आने पर नियोजन की कल्पना फिर आई। ज्यों ही इन्दिरा जी के हाथ से राज्य की बागडोर चली गई, तो फिर नियोजन की कल्पना को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने रखा गया। कहा गया कि अब हम रोलिंग प्लान रखना चाहते हैं। रोलिंग प्लान

क्या है, यह हमारी समझ में नहीं आता है। रोलिंग प्लान और बजट में कितना अन्तर है, यह भी नहीं कहा जा सकता है। हम समाज को बदलना चाहते थे, उसकी आर्थिक व्यवस्था को बदलना चाहते थे, और नियोजन की पद्धति से बदलना चाहते थे, मगर नियोजन को छोड़ दिया गया। मैं बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि अगर नये शासन के आने के बाद कोई नई चीज आई है, तो वह यह है कि नियोजन की कल्पना एक नया रूप धारण कर के आई है और हम उसके द्वारा समाज और उसकी आर्थिक व्यवस्था को बदलना चाहते हैं।

यह बड़े आनन्द की बात है कि अभिभाषण के परिच्छेद 17 में साइंस और टैकनालोजी का उल्लेख किया गया है। हम जानते हैं कि संसार की जो प्रगति हुई है, वह विज्ञान और टेकनालोजी के द्वारा हुई है। हम संसार का 1700, 1800 वर्ष का इतिहास जानते हैं कि जब आदमी अपने हाथ-पैर से काम करता था, तो उसकी आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लेकिन जब उसके हाथ में विज्ञान और टेकनालोजी की शक्ति आई तो उसकी प्रगति होने लगी।

इस जानकारी के आधार पर पंडित जवाहर लाल नेहरू ने हमारे देश में रिसर्च या अनुसंधान का काम बड़े पैमाने पर शुरू किया। रिसर्च पर बहुत पैसा खर्च होता है और कभी-कभी कहा जाता है कि यह फिजूल खर्च है क्योंकि इससे हमारे हाथ में कुछ नहीं आता है। लेकिन रिसर्च कोई ऐसी मशीन नहीं है कि उसमें कोई सामान डालने से कोई तैयार माल हमारे हाथ में आ जाये। रिसर्च तो हमेशा जारी रहती है और कभी एक ऐसा समय आता है कि कोई इनवेन्शन या डिसकवरी हमारे सामने आती है, जिसकी सहायता से हम पूरे समाज के स्वरूप को, उसके आर्थिक स्वरूप को बदल सकते हैं। साइंस और टेकनालोजी को इस दृष्टि से देखना जरूरी है।

लेकिन जब जनता पार्टी का शासन आया—जनता पार्टी के विरोध में बोलने में मुझे कोई खुशी नहीं है, लेकिन जो कुछ हुआ है, वह संसद और देश के सामने आना चाहिए—तो हमने आगे देखना छोड़ दिया और पीछे देखना शुरू किया, हम ने भविष्य की ओर देखना छोड़ दिया और भूतकाल की ओर देखना शुरू किया। हमने विज्ञान की ओर देखना छोड़ दिया और आदमी के हाथ-पैर की ओर देखना शुरू किया। आदमी के हाथ-पैर और शरीर की ओर देखना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन विज्ञान की जो महान् शक्ति है, संसार में एक जर्रे-जर्रे में जो शक्ति है, उस पर अधिकार कर के हाथ-पैर, शरीर और मस्तिष्क की मदद करना बहुत आवश्यक है।

लेकिन साइंस और टैकनालोजी की ओर देखने का दृष्टिकोण बदल गया, गलत हो गया। लेकिन उसका परिणाम आज हमको देखने को नहीं मिलता है। अगर साइंस और टेकनालोजी के प्रति हमारे दृष्टिकोण में कोई गलती होती है, तो आज हम नहीं कह सकते कि उससे क्या बुराई या कमी हुई है। दस साल के बाद हम को उसके फल भुगतने पड़ेंगे, दस साल के बाद हम महसूस करेंगे कि अगर हम इस मार्ग पर चले होते तो अमुक चीज हमारे हाथ में आ जाती और उसके द्वारा हम अपने देश की प्रगति कर सकते थे। यह खुशी की बात है कि पिछले ढाई-तीन साल का दृष्टिकोण छोड़ दिया गया है और नया दृष्टिकोण अपनाया गया है।

हम कहते हैं कि गरीबी हटानी है, बेकारी खत्म करनी है, देश को समृद्ध बनाना है, शक्तिशाली बनाना है। लेकिन केवल नारों से यह काम नहीं होने वाला है। नियोजन के द्वारा समाज का स्वरूप बदलने से, विश्व में जो शक्ति है, उसको अपने हाथ में ले कर उसका उपयोग करने से ही हम यह काम कर सकते हैं। अगर हम ने इस दिशा में कदम नहीं उठाया, प्रयास नहीं किया तो ये सब काम नहीं हो सकते हैं। यही दृष्टिकोण आज नई सरकार का है और इसी दृष्टि से यहां पर काम किया जा रहा है।

तीसरा प्वाइंट मैं परदेश नीति के संबंध में रखना चाहता हूं। परदेश नीति के संबंध में सम्माननीय सदस्य बाबू जगजीवन राम ने यह दुरुस्त कहा कि हमें बड़े एहतियात से काम लेना जरूरी है। एक-एक लफ्ज हमें सोच-समझकर बोलना है। चीजें इतने नजदीक, हमारी बाउंड्री के पास आ गई कि अगर हम कुछ गलत कदम उठाएं या गलत बोलें तो इस का असर हमारे उपर हो सकता है। यह समझ कर हमें बोलना होगा और यह समझ कर हमें काम करना होगा। मगर क्या करना है, क्या बोलना है, यह तय करते समय एक इतिहास है हमारे देश का, उस को भी याद रखना जरूरी है। 1962 की घटना हम याद करें 1962 की घटना कैसे हुई थी? उस समय इस देश के अंदर और इस के बाहर कुछ लोगों के ऐसे भाषण हुए थे जिस की वजह से कहा जा सकता है कि कुछ ऐसी चीजें हुईं जिस के कारण हमें कुछ दिन के लिए तकलीफ उठानी पड़ी। कुछ दिन के लिए कुछ नादुरुस्ती यहां पर हो गई। आज भी हमें याद रखना पड़ेगा कि यह किसी एक पार्टी का प्रश्न नहीं है, किसी एक सरकार का प्रश्न नहीं है, यह सारी पार्टीज का, सारे समाज का और सारे देश का प्रश्न है और इस संबंध में हम जो कुछ भी बोलना चाहें, बहुत ही सोच-समझ कर हमें बोलना होगा। शीतयुद्ध या कोल्ड वार और हाट वार, यह भी ऐसा लग रहा है कि हमारी बाउंड्री के नजदीक आ गया है और अगर हमें उस में पैट्रोल नहीं डालना है, तेल नहीं डालना है तो यह सोच-समझ कर हमें बोलना होगा कि कहां तक हमें जाना होगा और कहां पर रूकना होगा।

हमारे इस देश की परदेश नीति क्या हो सकती है। यह तय करते समय सब से पहले

[श्री शिवराज वी० पाटिल]

हमारा काम यह देखना होगा कि हम जो अपने इंटरेस्ट हैं उन को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं और हम अपने देश का संरक्षण किस प्रकार कर सकते हैं । यह हमें ध्यान में रखना होगा । इसके बाद इस संसार के अंदर शांति कैसे स्थापित होगी यह हमें देखना होगा । इस के बाद हमें देखना पड़गा कि जो तत्व हम आगे रखते है, उन तत्वों को हम छोड़ न दें । मगर जब हम उन तत्वों को इस्तेमाल में लाएं तो उस समय कोई ऐसी भाषा न निकालें कोई ऐसा वाक्य अपने वक्तव्य में न निकालें जिस की वजह से हम ऐसी कुछ परिस्थिति संसार के अंदर पैदा कर दें कि हमारे दोस्त, दोस्त न रहें और जो दोस्त नहीं है वह भी दोस्त न रहें । ऐसी परिस्थिति नहीं होनी चाहिए । यह सारी चीजें सोच कर हमें अपना वक्तव्य देना होगा । हम इस रेस्पांसिबिलिटी से और इस प्रकार से यहां पर वक्तव्य नहीं देगें तो मैं समझता हूं कि परदेश नीति की दृष्टि से बहुत ही कठिन परिस्थिति होगी ।

अगर हम राष्ट्रपति महोदय का भाषण पढ़े तो उस में दो चीजें अहम नजर आती हैं । एक तो यह है कि देश के अंदर क्या प्रश्न हैं, उस का उन्होंने उल्लेख किया है और उस के बाद परदेश नीति के बारे में उन्होंने बहुत कुछ उस के अंदर कहा है । यह एक अच्छी और दुरूस्त बात है कि केन्द्रीय सरकार परदेश नीति के ऊपर ज्यादा ध्यान दे रही है । यह बहुत अच्छी बात है और यह समझ कर ही उन्होंने इस में ऐसा कहा है, ऐसा मैं समझता हूं और उसी दृष्टि से हमें यहां बोलना होगा ।

बहुत सारी चीजें हैं यहां पर जिन के ऊपर वक्तव्य दिया जा सकता है । बाबू जगजीवन राम ने बहुत ही दुरूस्त कहा है कि यह वक्त जो है यह सोचने का है । उन्होंने क्या किया, इन्होंने क्या किया, यह कहने का वक्त नहीं है । भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री चरण सिंह ने कहा कि हमने परसीक्यूशन नहीं किया, हम ने कानून की दृष्टि से सब कुछ किया । मैं यह पूछना चाहता हूं, एक लाइयर के नाते हर आदमी जानता है कि किसी आदमी के खिलाफ अगर बहुत सारे केसेज चला दिए गए और फिर उस से कहा जाय कि तुम्हें छूटना है तो कोर्ट के जरिए से छूटो, मगर केस हम तुम्हारे ऊपर चलाएंगे और इस पर यह कहा जाय कि हमने आपका परसीक्यूशन नहीं किया तो क्या वह परसीक्यूशन नहीं होगा ? मेरा कहना यह है कि इस दृष्टिकोण से हमें इस अभिभाषण की ओर नहीं देखना है, हमें इस अभिभाषण की ओर इस दृष्टिकोण से देखना है कि हमारे प्रश्न क्या है और कौन सा मार्ग सही है, कौन सा मार्ग गलत है ? कौन सा मार्ग हमें छोड़ना है कौन सा पकड़ना है, इस दृष्टि से हमें देखना होगा ।

मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे बोलने का और अपने विचार रखने का मौका दिया ।

श्री महाबीर प्रसाद (बांसगांव) : माननीय सभापति महोदय, आप ने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर माननीय सदस्य श्री एस० एम० कृष्ण ने जो प्रस्ताव रखा है तथा जिस का अनुमोदन श्रीमती मोहसीना किदवई जी ने किया है, उस प्रस्ताव पर बोलने का जो अवसर प्रदान किया है, उस के लिये मैं आपका आभारी हूं ।

सभापति महोदय, मैंने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को ध्यानपूर्वक पढ़ा और इस माननीय सदन के सदस्यों द्वारा जो अनुमोदन या समर्थन किया गया उस को भी ध्यान से सुना । मैंने इस अभिभाषण को तीन हिस्सों में देखने का प्रयास किया । जब मैं इस परिप्रेक्ष्य में गया तो पहला हिस्सा 24 मार्च, 1977 के पहले का था, उसके पहले जो सरकार थी उस के कार्यक्रम को देखा । उस के बाद मैंने 24 मार्च, 1977 के बाद तथा 14 जनवरी, 1980 के बीच के परिप्रेक्ष्य को देखा, और तीसरे भाग में 14, जनवरी, 1980 के बाद के परिप्रेक्ष्य को देखा । मान्यवर, मैंने यह देखा कोई भी देश हो, भारतवर्ष हो या कोई अन्य देश हो, जब उस की आर्थिक अवस्था, आर्थिक विपन्नता पर हम ध्यान देते हैं, उसके निर्यात और आयात पर ध्यान देते हैं तो 1970-71 में भारत में मुद्रास्फीति की जो स्थिति थी, यदि 100 को आधार मान कर चलें, तो मूल्य सूचकांक 188 था । उस के बाद जब 1977-78 में जाते हैं तो मूल्य सूचकांक 181 पर था, लेकिन जब 1978-79 के बीच आते हैं तो यह मूल्य सूचकांक बढ़ कर 201.3 प्रतिशत हो गया था, अर्थात भारत की अर्थ व्यवस्था में मुद्रास्फीति 20.3 प्रतिशत बढ़ गई थी । इस से साबित हुआ कि तीन वर्षों में या 28-30 महीनों के अन्दर देश की अर्थ-व्यवस्था बहुत ज्यादा बिगड़ी । एसी स्थिति में हमारे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह लक्ष्य किया गया है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के नेतृत्व में जो सरकार बनी है वह इस अर्थ-व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करेगी । मुझे पूरी आशा है कि हमारी सरकार इस मुद्रास्फीति को घटायेगी और उस के आधार पर आयात कम होगा तथा निर्यात बढ़ेगा । किसी भी देश की प्रगति का यह सिद्धांत है कि जब आयात कम होता है और निर्यात बढ़ता है, तो उस देश में समाजवाद आता है अर्थात वह देश आत्मनिर्भर हो जाता है । इसलिये हम को आशा है कि इस वक्त जो भारत की सरकार है, जो नई सरकार बनी है, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जिन सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है, उन के आधार पर भविष्य में देश की आर्थिक व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास करेगी ।

मैंने अभिभाषण में देखा कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन-जातियों के आरक्षण के संबंध में उल्लेख था । उसी के आधार पर हम ने यहां 45 वां संविधान संशोधन पास किया । संविधान संशोधन पर चर्चा के समय कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि इस का सारा श्रेय इन्दिरा जी को क्यों दिया जा रहा है, इस का श्रेय तो सब को

दिया जाना चाहिए । मैं आप के माध्यम से उन माननीय सदस्यों से जानना चाहता हूं—उन ढाई-तीन वर्षों में हमारे माननीय बाबू जगजीवन राम जी जैसे वरिष्ठ नेता कहां थे, जब बेलछी का काण्ड हुआ, जब मोरवी का काण्ड हुआ, जब आन्ध्र प्रदेश का काण्ड हुआ, जब कानपुर का काण्ड हुआ ? मैं ज्यादा दूर नहीं जाना चाहता—हमारे आजमगढ़ जिले में एक गांव है—गूजरपार—वहां हरिजनों के साथ जो अन्याय हुआ उस समय हमारे श्री मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह जी और बाबू जी जैसे नेता कहां थे, वे वहां पर क्यों नहीं गये ? लेकिन श्रीमती इन्दिरा गांधी, जैसा आप सभी जानते हैं, उस समय भी जब बेलछी का काण्ड हुआ, 14 हरिजनों को जिन्दा जला दिया गया वहां पर पानी भरा होने के बावजूद भी हाथी पर चढ़ कर वहां गई उस समय ये लोग कहां थे ?

17.00 hrs.

इसलिए सभापति जी मैं आप के माध्यम से सदन को बता देना चाहता हूं माननीय विरोधी पक्ष के सदस्यों को बताना चाहता हूं कि अहमियत इस बात की है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के हृदय में हरिजनों, गिरजनों, परिजनों अल्पसंख्यकों और दलित लोगों के प्रति प्रेम है । इस लिए जो 45वां संविधान (संशोधन) विधेयक पेश किया गया है, इस का श्रेय श्रीमती इन्दिरा गांधी को जाता है । उन की हालत सुधारने के लिए उन में विश्वास है ।

इस के बाद मैं आर्थिक कार्यक्रम की तरफ आता हूं । आर्थिक कार्यक्रम के लिए बीस-सूत्री कार्यक्रम 1974 में लाया गया था लेकिन 24 मार्च 1977 के बाद जब जनता पार्टी की सरकार बनी, उस समय बीस सूत्री कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष में चालू था । उस समय गरीबों, भूमिहीनों, हरिजनों और अनुसूचित और अनसूचित जन-जातियों तथा अन्य पिछड़ी हुई जातियों के लिए एक न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम चालू था मगर खेद के साथ कहना पड़ता है कि उस समय, जब जनता पार्टी का जन्म हुआ और उसकी सरकार केन्द्र में बनी तथा दूसरे प्रान्तों में बनी, तो हमारे उस न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम को जिस को हम बीस-सूत्री कार्यक्रम कहते हैं, ठप्प कर दिया गया । उस समय मैं एक विधायक था और मैं जानता हूं कि हरिजनों तथा पिछड़ी हुई जातियों के लोगों को कुछ जमीन दी गई थी । दस्तकारों को, हथकरघा वालों को, हरिजनों और अल्पसंख्यक लोगों तथा पिछड़ी हुई जातियों के दूसरे लोगों को बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ सुविधाएं दी गई थीं, लेकिन जब जनता पार्टी की सरकार बनी, तो उस ने उस सारे काम को ठप्प कर दिया ।

मैं ने राष्ट्रपति जी के भाषण को पढ़ा और उस में यह देखा कि उस में लिखा है कि बीस सूत्री कार्यक्रम में जान डाल कर उसे लागू करने का पुनः प्रयत्न किया जाएगा जब मैंने यह देखा कि बीस सूत्री कार्यक्रम को पुनः लागू किया जाएगा, तो मैं समझता हूं कि हरिजनों, गिरजनों, परिजनों, अल्पसंख्यकों, दस्तकारों, हथकरघा वालों और अन्य पिछड़ी जातियों, तथा अन्य वर्गों के लिए आर्थिक कार्यक्रम बनने से उन की आर्थिक उन्नति होगी और वे आगे-बढ़ेंगे, ऐसी मैं आशा करता हूं ।

औद्योगिक क्षेत्र का जहां तक सम्बन्ध है, मान्यवर, मैंने राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ा है और इस को मैंने देखा है, । मैंने पहले ही बता दिया है कि मैं तीन पक्षों में इस का अध्ययन करना चाहता हूं । एक तो 24 मार्च, 1977 से पहले हमारी औद्योगिक नीति क्या थी । उस के बाद 24 मार्च, 1977 और 14 जनवरी, 1980 के बीच में औद्योगिक सम्बन्ध क्या थे और उस के बाद औद्योगिक सम्बन्ध क्या होंगे । ये तीन पक्ष हमारे हैं । जब कांग्रेस की सरकार थी, इन्दिरा गांधी जी की सरकार थी, तब हम विशेष कर सरकारी पक्ष अर्थात् सार्वजनिक मंच को मजबूत करते थे लेकिन बीच में हम ने देखा कि इन 28 और 30 महीनों के अर्से में, इस मुद्दत में, प्राइवेट सैक्टर जिस को हम निजी सैक्टर कहते हैं, उस में बढ़ोतरी हुई है । उस समय चाहे जनता पार्टी की सरकार रही हो और चाहे लोक दल की सरकार रही हो, हमें यह शंका हुई कि जब भारतीय संविधान में हम ने समाजवाद, लोकतंत्र और धर्म निरपेक्षता की उद्घोषणा की है, समाजवाद के नाम पर प्राइवेट सैक्टर और निजी व्यवस्था को तूल देने से समाजवाद का जो स्वप्न है, वह दूर हटता चला गया । इसलिए राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में प्राइवेट सैक्टर और सार्वजनिक सैक्टर यानी निजी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र के औद्योगिक सम्बन्धों की उद्घोषणा की है । राष्ट्रपति के भाषण में इस सम्बन्ध में जो भी कहा गया है, उस की मैं ताईद करता हूं और जानता हूं कि भविष्य में ये सम्बन्ध और अच्छे होंगे जिन के कारण भारत में समाजवाद आ जाएगा ।

महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में मैं ने क्षेत्रीय असन्तुलन के बारे में भी पढ़ा । मान्यवर 24 मार्च, 1977 और 14 जनवरी, 1980 के बीच यह क्षेत्रीय असन्तुलन काफी बढ़ा है जिस के कारण भारत की आर्थिक व्यवस्था खराब हुई है । इस बीच देश के हर भाग—पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्रों में क्षेत्रीय असन्तुलन पैदा हुआ है । मैं चाहता हूं कि जो भी उपाय इस क्षेत्रीय असन्तुलन को ठीक करने के लिए बताये गये हैं—जैसे कि वनरोपण, भूमि संरक्षण, उद्योग धंधों की स्थापना—इन उपायों को अपनाकर इस क्षेत्रीय असन्तुलन को दूर किया जाय । मैं, मान्यवर, यह भी चाहता हूं कि ऐसे स्थानों का सर्वेक्षण किया जाए कि कहां कहां पर इन उपायों को अपनाना है ।

आप के माध्यम से, मान्यवर मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि मैं गोरखपुर जिले की बहुत ही पिछड़ी तहसील बांसगांव से आता हूं । जहां पर आज तक कोई उद्योग धंधा नहीं लगा, जहां पर उद्योग धंधों के लिए रेलवे लाइन की कोई सुविधा नहीं है । वहां पर 1976-77 में रेलवे लाइन का सर्वेक्षण हुआ था । मैं सरकारी पक्ष से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर उद्योग धंधे स्थापित करने के लिए रेलवे लाइन के काम को आगे बढ़ाया जाए ।

[श्री महबीर प्रसाद]

मान्यवर शिक्षकों और शिक्षार्थियों के विषय में भी मैं कहना चाहता हूं। मान्यवर जब कांग्रेस की सरकार थी तो उस सरकार के शिक्षा के विषय को संविधान की समवर्ती सूची में रखने का प्रावधान किया था लेकिन जब जनता सरकार आयी तो उसने शिक्षा को समवर्ती सूची से निकाल देने का प्रावधान किया । अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि वह शिक्षा को पुनः समवर्ती सूची में रखने की व्यवस्था करे ।

माध्यमिक शिक्षकों को तथा प्राथमिक शिक्षिकों को समान कार्य के आधार पर समान वेतन मिलना चाहिए । इसलिये मेरा निवेदन है कि इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिये । शिक्षा मंत्री जी शिक्षकों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था करें।

इसी संदर्भ में मैं बताना चाहता हूं कि जनता पार्टी के शासन काल में जो दो सौ करोड़ रूपये का प्रावधान एडल्ट एजूकेशन के नाम पर किया गया था उसका कोई उपयोग नही हुआ । इसलिए में चाहता हूं कि अब माध्यमिक स्कूलों तक शिक्षा को निःशुल्क कर दिया जाए । मान्यवर, यह मेरा सरकार से निवेदन है ।

इस के साथ ही साथ, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, लोकतंत्र भारतीय संविधान में दिया हुआ है । राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में भी उसकी घोषणा की गयी है । विरोधी पक्ष के हमारे माननीय चौधरी साहब ने भी लोकतंत्र की बात कही है । मैं जब उत्तरप्रदेश का विधायक था तो उस समय चौधरी साहब वहां विरोधी दल के नेता थे । उस समय भी वे लोकतंत्र की बात करते थे । मान्यवर मैं जाना चाहता हूं कि क्या लोकतंत्र यही है कि एक नागरिक को अपना मत देने का भी अधिकार न हो । क्या यही महात्मा गांधी के सपनों का और भारतीय संविधान का लोकतंत्र है जिसे डा० भीमराव अम्बेदकर ने इस देश को दिया ? मेरे पास मेरठ, बागपत और किराना से लोग आये थे जिन के सिर फूटे हुए थे । बाहें टूटी हुई थीं, पैर टूटे हुए थे । आज तक वे लोग अपने वोट का प्रयोग नहीं कर पाए है । देश को आजाद हुए 30 वर्ष हो गए है । क्या इसको लोकतंत्र कहा जा सकता है और लोकतंत्र के पुजारी अपने आप को लोकतंत्री कहते हैं क्या यह उनको शोभा देता है ? लोकतंत्र के नाम पर, हरिजनों, कमजोर वर्ग के लोगों और अल्पसंख्यकों को जो आज के इस वैज्ञानिक युग में जब दुनिया कहीं से कहीं चली गई है, आगे बढ़ चुकी है, ऐसी हालत में उनको वोट डालने नहीं दिया जाता है क्या इसके औचित्य को किसी भी आधार पर सिद्ध किया जा सकता है। द्वापर में मैथिली शरण गुप्त ने एक स्थान पर लिखा है :-

पीछे पितर पृष्ठ पोषक हैं
पर भविष्य तो आगे
यदि अपना परिणाम न देखें
तो हम अंध अभागे ।

आपके माध्यम से, सभापति महोदय, मेरा सरकार से यह अंतिम निवेदन है कि जनता पार्टी की सरकार के तीस महीनों के शासन काल में जो देश इतना पीछे हो गया है, उसको हम देखें और भारत को आगे बढ़ाने के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में लोकतंत्र, समाजवाद और धर्म निरपेक्षता के सिद्धांतों के आधार पर चलते हूए आगे बढ़ें ।

इन्हीं शब्दों के साथ जो धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है उसका मैं समर्थन करता हूं ।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay—North East): We sit here today in an entirely new context compared to the 1977 Lok Sabha. It is in one sense a matter of pride for the democratic system in India that the leaders who were thoroughly rejected by the people in 1977 have returned as massively in 1980. But let this be a sobering thought on the ruling party because it is only in a democratic system that this kind of thing is possible. Had there been any other kind of system, once a person goes out of power you never hear of that person again. You perhaps would not even see that person again. It is only in a democracy that people can go out of power and can hope to come back to power. So I think this would be the first sobering thought that all of us should have that this democratic system is worth preserving at all costs. Therefore, let us jointly commit ourselves to strengthening this system and most important of all, to ensure that the definition of democracy as we understand it here is the same as the definition of democracy as they understand it there because even during the emergency the Congress Party conti-

nued to maintain that there was democracy in the country although in the country and outside everywhere it was widely felt that there was no democracy and there was indeed no democracy... (*Interruptions*). Perhaps it was guided democracy. But it was not democracy in the true sense of the word. We have, therefore, to get together and be sure that we understand what democracy is and what we are trying to preserve.

The ruling party has emphasised in all their speeches on the co-operative attitude from the Opposition. Even he Prime Minister said, 'I hope the Opposition does not indulge inobstructive activities.' The President also has elaborately said in his speech towards the end that for a healthy functioning of democracy it should proceed according to well laid down rules and mutual respect should be shown by the Government and the Opposition to each other, harmonising and so on. These are all platitudes. The question is : how are we going to convert it? It is quite clear in our minds that because we lost in the 1980 elections there is no bitterness. We are not bitter that we have lost. I am sure the other side would recognise this. We have not come here with a spirit of bitterness or with a feeling that we have been cheated out of power and we ought to come back in some form or the other.

I would suggest that they must also recognise that this is part of the electoral game. I was very surprised at the number of invectives that were used by so many ruling party Members against Chaudhury Charan Singh. I was particularly surprised because the target seems to be Chaudhury Charan Singh. I consider this as matter of surprise because there is no one on this side who has done more for that party than Chaudhury Charan Singh by the events of July in which he divided the Janata Party and he defected and it was, with their help, that he was able to form the Government which collapsed within a very short time. These people would not be sitting for 2½ years after the mandate had it not been for Chaudhury Charan Singh.

So, I would request you to show some gratitude to Chaudhury Charan Singh when you are giving your speeches. I think there is no bitterness if there has to be a cooperative attitude. Certainly the Opposition is ready to support any good things coming from that side. But, the tone has to be set by the ruling party. What is that tone? In their speeches they said that the Janata Government did nothing; the Janata Party had destroyed the economy and ruined the country etc., etc. It was a little like an election speech. But, we are in Parliament and to-day we have in possession a large amount of data, statistical facts. These are available in our Library. We have one of the finest Libraries in our country. And Parliament Members are expected to make use of it. The statistics show that within the two year's rule of the Janata Party, the rate of growth of national income was 5½ per cent per year whereas in the previous thirty years it was only 3½ per cent per year. It was a much higher rate of growth that was achieved during the Janata rule.

Therefore, this ought to be recognised. If you want to explain it away, then, in your speeches, you must admit this much 'yes, the rate of growth is higher. These are the reasons for it.' To-day, in the morning, in the House during Question Hour, Prof. Madhu Dandavate raised a question of foodgrains Production. In the reply it was admitted that the foodgrains production in the first year was 15 million tonnes which was more than in the previous year, that is in 1975 and 1976, that is, in the emergency year and in the following year. In 1978-79 it was 20 million tonnes more than before. I asked the question to which the Minister obviously did not give the answer. But, what was the foodgrains stock after the abundance of foodgrains production? If he had given the answer, it would have been more than in 1973 and in 1975.

PROF. MADHU DANDAVATE: He exercised his fundamental right of ignorance.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: It would be in fairness that these facts are brought out. In the 2½ years' Janata rule, they were able to bring more villages under the drinking water facility scheme. 46,000 villages were given the facilities of drinking water whereas in the previous thirty years, only in 40,000 villages that they were able to give drinking water facilities. In the Janata Government rule drinking water facilities were available in 46,000 villages. Therefore these statistics are there. And the Janata Government certainly stablised the prices whatever one may say. One has to look at the March, 1977 prices (*Interruptions*). The price of rice particularly at that time was Rs. 6 a kilo. We brought it down to Rs. 2 a kilo. The price of sugar was Rs. 5.50 a kilo and we brought it down to Rs. 2.50 a kilo and, actually, it was even less than this. (*Interruptions*). This is the problem. Prof. Madhu Dandavate says that it was one's exercising the fundamental right of ignorance. The fact is that these are available. In February 1979, we had the misfortune of Mr. Charan Singh's sitting in the Finance Ministry. The price of sugar was Rs. 2.20 per kilo. This was the actual thing. (*Interruptions*). We made the error. That is why we are sitting here. Don't make the errors. Otherwise you will also be here very soon. Therefore, I must say that the prices of almost all the commodities which the poor man uses were brought down during the Janata Party rule. We did make mistakes and that is why we are here. I wish that my party will use the time in the opposition to strengthen the party and be in a position to fight the next General Elections. I am sure that if the ruling party there, instead of solving the people's problems concentrate more on other things, they would also be in the same plight as we are here to-day.

I would request the ruling party, through you, that during their tenure, they do not create any precedent, which can be later on used against you. Every speaker referred to the expulsion of Smt. Indira Gandhi from this House. The anger was on the issue that we used the brute majority to expel a person who was legitimately elected to this House. Where do we get this precedent from! There was a precedent. I was a member of the Rajya Sabha. I was also legitimately elected and once elected the same brute majority was utilised to expel me. The precedent was there available for us. I am sure if that precedent had not been there it would have been very difficult to consider expulsion of Smt. Indira Gandhi. So, I would say to the hon'ble Members opposite not to do anything which you may regret later on and which may be used against you. Today the State Assemblies are being threatened with dissolution. I would certainly say to my colleagues if they did on the pretext that all the MPs of that area have been elected on Congress ticket and they have a precedent they can go for dissolution; yet at the same time I would say that it is for the ruling party to recognise the limitations of its power. The people are not to be taken for granted. Five years later or perhaps even earlier if inner-party problems that you also seem to have get out of proportion then in the next general elections you will have the same problem.

I would like to make one final reference to the Address of the President. I am very sorry to say that two most important problems, namely, problem of slum dwellers in the cities and the problem of land-less labourers have not been touched in the Address. Nothing has been said about it. My friend, Shri Ram Jethmalani, has brought an amendment in regard to slum policy. The Central Government owns lot of land all over the country and on that land over the years slums have come up.

In Bombay there is a proliferation of 'jaunparpatis'. Because they are on Central government land they are not given any amenities of drinking water, etc. If it is a State government land they will get toilet facility, municipal school, drinking water taps, etc. As these 'jaunparpatis' are on Central Government land, the Central Government consistently for the last thirty years refused to allow the State governments and municipalties to give amenities. During our time we were working towards it. We were close to having a policy declared. The first thing I requested the Minister of Works and Housing was to have a discussion on a national slum policy so that we can provide millions of people with basic amenities.

Secondly, Sir, we need radical land reforms in this country. By land reforms I mean where there is meaningful legislation but unfortunately the President's Address does not say anything about it.

Sir, I do welcome para 25 of the President's Address in which he talks about Sino-Indian moves towards normalised relations. I fully support the sentiments expressed. I quote:

> "Sino-Indian moves towards normalised relations, a potentially stabilising factor, were inevitably affected by the Sino-Vietnam conflict. India remains willing to discuss all issues with China including the boundary question in search of a peaceful solution based on equality. We hope to progress also as regards bilateral exchanges."

I fully support the sentiments expressed. We do need new initiatives towards China and it would be a stabilising factor.

Sir, I would like to conclude my thoughts here with a final plea that we are today starting something anew. In fact, Opposition and the Ruling party should call it quits and work out a new relationship so that we can function within the democratic system—as the world understands it—and safeguard the human rights within the country.

श्री विरधी चन्द जैन (बाडमेर) : सभापति महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है, उसका मैं समर्थन करता हूं। सबसे पहले मैं भारत की जनता का अभिनन्दन करता हूं, जिन्होंने केन्द्र में स्थिर शासन दिया, कांग्रेस (आई) को बहुमत में शासन दिया और केन्द्र में श्रीमती इंदिरा गांधी को नेतृत्व प्रदान किया। देश में आज जो स्थिति है, वह बहुत ही नाजुक है। देश बहुत ही नाजुक स्थिति से गुजर रहा है हमारी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। कानून और व्यवस्था की स्थिति प्रान्तों में बहुत ही दयनीय है और मंहगाई चरम सीमा तक पहुंच गई है। इन समस्याओं को हल करने के लिये केन्द्र को और जो अपोजिशन पार्टीज हैं उनको सब को मिलकर काम करना होगा। केन्द्र कितना भी प्रयास करे, जब तक प्रान्तों की सरकारों का सहयोग नहीं होगा, तब तक मंहगाई पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता, तब तक कानून और व्यवस्था पर नियन्त्रण नहीं किया जा सकता। इसलिये यह आवश्यक है कि केन्द्र और प्रान्तों की सरकारों का सहयोग हो।

जनता ने जो निर्णय दिया है उस निर्णय ने यह साबित कर दिया है कि हिन्दुस्तान की जनता कांग्रेस (आई) का शासन चाहती है, केन्द्र में भी चाहती है और प्रान्तों में भी चाहती है। परन्तु प्रश्न यह है कि जनता को अवसर मिले, तभी वह प्रान्तों में शासन दे सकती है और यह भी एक जटिल समस्या है कि किस प्रकार प्रान्तों को...

एक माननीय सदस्य : केरल में दिया है।

श्री विरधी चन्द जैन : केरल की स्थिति अलग है, परन्तु दूसरे प्रान्तों में और तरह की स्थिति है। इसलिये और दूसरे प्रान्तों के बारे में अलग अलग ढंग से सोचना पड़ेगा। हिन्दुस्तान की जनता ने हमारे पार्लियामेन्ट के मेम्बर्स के पक्ष में मत नहीं दिया है बल्कि कांग्रेस (आई) पार्टी के पक्ष में मत दिया है। मैं समझता हूं कि केन्द्रीय सरकार को इस के लिये मजबूत कदम उठाने चाहिये कि जहां कुशासन चल रहा है, वहां उस को कैसे दूर किया जाय। मैं अपने राजस्थान प्रान्त की बात कह रहा हूं। वहां भयंकर अकाल की स्थिति है। 33 हजार गांवों से 26 हजार गांव अकाल से पीड़ित हैं। वहां "फूड फार वर्क" के नाम से कुछ काम चल रहा है, जो ग्राम पंचायतों द्वारा चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायतें और उन के सरपंच इतने योग्य नहीं हैं और जहां कोई सरपंच है भी, वे भी 100 से अधिक मजदूरों को काम नहीं

[श्री विरधी चन्द्र जैन]

पाते, क्योंकि उन के पास स्टाफ नहीं है, केवल एक ग्राम क्लर्क (ग्राम सेवक) उन के पास होता है, जो इस का काम करता है । वह इतना काम कर नहीं सकता और अकाल की समस्या बहुत ही भयंकर है । हमारे राजस्थान प्रान्त में ढाई करोड़ की जनसंख्या में से पौने दो करोड़ की जनसंख्या अकाल से प्रभावित है और सिर्फ दो लाख मजदूर कार्य में लगे हुए हैं । मजदूरों को मजदूरी न मिलने से कुछ लोग हरियाणा की तरफ, कुछ पंजाब की तरफ और कुछ गुजरात की तरफ चले गये हैं । राजस्थान की सरकार उनको मजदूरी नहीं दे पा रही है । केन्द्रीय सरकार को इस गम्भीर प्रश्न को देखना चाहिए । आगे के प्रश्न और भी गम्भीर होंगे, क्योंकि अकाल की स्थिति गर्मी के दिनों में और भी तीव्र होगी । हमारे क्षेत्र बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में सिर्फ खरीफ की फसल होती है और वह फसल भी बिल्कुल नष्ट हो चुकी है । उन क्षेत्रों में यदि केन्द्रीय सरकार राजस्थान सरकार की मदद नहीं करेगी तो इस समस्या का समाधान नहीं हो सकेगा, क्योंकि राजस्थान सरकार की खुद की इतनी कैपेसिटी नहीं है कि वह इस भयंकर अकाल का सामना कर सके । 1967-68 में भी भयंकर अकाल पड़ा था उस समय केन्द्रीय सरकार ने 150 करोड़ रुपये की मदद दी थी इसी तरह की मदद इस समय भी देने से वहां के लोगों को भुखमरी से बचाया जा सकता है । इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार राजस्थान सरकार के मुख्य मंत्री जी और वहां के गवर्नर को बुला कर वहां की स्थिति की पूरी तरह से जांच करे और स्थिति को समझ कर पूरी तरह से मदद करे ।

पानी की समस्या की यह हालत है कि बहुत से गांवों में पानी बिलकुल नहीं है और यदि कहीं है भी, तो खारा पानी है । उन गांवों में पानी ट्रक्स और टैम्पोज़ के द्वारा पहुंचाया जाता है परन्तु कितना पानी मिलता है ? एक व्यक्ति को केवल आधा गैलन मिलता है । जबकि शहरों में एक व्यक्ति पर 20-25 गैलन पानी खर्च किया जाता है, उन गांवों में पीने के लिये आधा गैलन या एक गैलन से अधिक पानी नहीं मिल रहा है । जब मनुष्यों की यह हालत है तो पशुओं की हालत का अन्दाज़ा आप स्वयं लगा सकते हैं । पशुओं की भी वहां बहुत बुरी हालत है । इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए मैं आप से अनुरोध करना चाहता हूं कि आप राजस्थान के अकाल के प्रश्न को गम्भीरता से लें और राजस्थान सरकार की अधिक से अधिक मदद करें ।

दूसरी बात, मैं विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि प्रौढ़ शिक्षा के नाम पर राजस्थान में आर०एस०एस० का प्रचार हो रहा है, वे हर प्रकार से एटमासफिअर को प्रयजन करने की कोशिश कर रहे हैं, वहां की जनता के दिमाग़ों को विकृत कर रहे हैं जो हमारे देश के लिये बहुत हानिकारक है । प्रौढ़ शिक्षा के सम्बन्ध में मैं यह निवदन करना चाहता हूं---मेरा 30 वर्षों का अनुभव है---प्रौढ़ शिक्षा पर अब तक जो राशि व्यय की गई उसका कोई विशेष लाभ नहीं हुआ । हमारे कांग्रेस के राज्य में भी और जनता पार्टी के राज्य में भी जो पैसा खर्च हुआ उसका सही उपयोग नहीं हुआ । प्रौढ़ लोगों की पढ़ने में कोई दिलचस्पी नहीं है । व लोग लगातार दिन भर काम करते हैं, रात को उन्हें पढ़ाने की कोशिश की जाती है । यह ठीक है कि कोई बहुत डेडिकेटेड टीचर हों या वर्कर हों, वे उनको कुछ थोड़ा बहुत पढ़ा लें, लकिन वैसे यह कार्यक्रम बिल्कुल असफल रहा है । मेरा सुझाव है कि प्रौढ़ शिक्षा के कार्यक्रम पर जो 200 करोड़ रुपये की राशी खर्च की जा रही है उसका डायवर्शन करके उस धनराशि को प्राइमरी एजूकेशन पर खच किया जाना चाहिये और उस पर ही सब से ज्यादा ज़ोर दिया जाना चाहिये । प्राइमरी एजूकेशन पर ज्यादा ज़ोर देंगे, तो मैं समझता हूं कि हमारी समस्या हल हो सकेगी ।

ड्रिकिंग वाटर के सम्बन्ध में मैं कुछ कहना चाहता हूं । केन्द्रीय सरकार ने जो पालिसी एडाप्ट की है, उस के अनुसार जो "प्राबलेमेटिक विलेजेज़" है समस्याप्रद गांव है उन के लिये 60 करोड़ रुपया केन्द्रीय सरकार प्रान्तों को दे रही है । दूसरे राज्यों के मुकाबले हमारे राज्य में गांवों की स्थिति कुछ भिन्न है । उत्तर प्रदेश और बिहार में 15 गांवों को पाईप लाइन द्वारा जोडने पर जो खर्चा आता है हमारे यहां उतना खर्चा एक गांव पर आता है । हमारे कृषि मंत्री जी ने अभी हाल में स्टेटमेन्ट दिया था कि हम 5 वर्षों में पीने के पानी की समस्या को हल कर देंगे । आप पानी की समस्या को हल करने के लिए पांच वर्ष की बात कह रहे है । पांच वर्ष में अगर आप इस समस्या को हल कर देते हैं, तो यह एक बहुत बड़ी बात होगी । हम 30 वर्षों में पानी की समस्या हल नहीं कर पाए । हमारे राज्य में 33 हजार गांवों में से 24 हजार गांवों में पानी की समस्या है और वहां पर हम लोगों को शुद्ध पानी नहीं दे सके हैं । बहुत सी जगहों पर तो पानी है ही नहीं और उन गांवों में हमें पानी पहुंचाना है । इसलिए पानी की समस्या को प्राथमिकता देनी है और इस में यह देखना है कि उन सभी गांवों को हमें मिलाना है जहां पर पानी नहीं है । हमारे गांव 50 वर्ग मील और 100 वर्ग मील में बाड़मेर और जैसलमेर जैसे क्षेत्रों में फैले हुए हैं और उन गांवों को मिलाने के लिए बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा और पैसा खर्च करना पड़ेगा । इसलिए मेरा यह कहना है कि इसके लिए हमें पापूलेशन बेसिस को अख्तियार नहीं करना चाहिए बल्कि क्षेत्रफल को इस काम को करने

के लिए देखना पड़ेगा । आज हम देखते हैं कि क्षेत्र बड़े विस्तृत हैं और उन में अगर आप सब गांवों को पानी देंगे, तो आप को बहुत अधिक खर्च करना पड़ेगा । इसलिए इस समस्या के बारे में केन्द्र सरकार जो पापूलेशन बेसिस की नीति अपना रही है, उससे राजस्थान को कोई फ़ायदा नहीं होगा क्योंकि राजस्थान का जो क्षेत्र है, वह बड़ा विस्तृत है और क्षेत्रफल का बेसिस आप को बनाना चाहिए और पापूलेशन का बेसिस नहीं होना चाहिए । इस दृष्टि-कोण से इस समस्या के बारे में व्यवस्था की जानी चाहिए ।

अब मैं कुछ मुद्दे और हैं, जिन के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । हम 30 साल से प्रयास कर रहे हैं लेकिन हम ग़रीबों को कानूनी सहायता नहीं दे सके । स्थिति यह है कि अभी तक वे अपने अधिकारों के लिए लड़ नहीं सकते । खेतों के बारे में अगर बेदखली हो जाए, खेतों से उन ग़रीबों को निकाल दिया गया और जनता पार्टी के राज्य में निकाला गया है, तो वे कुछ नहीं कर सकते हैं । हमारी कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के अन्दर भूमि-सुधार के नाम पर अनुसूचित जातियों और जनजातियों को जो जमीन एलोट की थी, तो उन को जहां से निकाल दिया गया, वहां के जमींदारों ने, जागीरदारों ने और राजाओं ने उन को एलोट की गई जमीनों से निकाल दिया । उन को जमीन रेस्टोर करने के लिए हमें उन को कानूनी सहायता देनी चाहिए ।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि कानूनी सहायता के लिए, मैंने यह देखा है, जो वकील मुकर्रर किये जाते हैं, वे सब से इनफीरियर वकील, सब से अयोग्य वकील होते है और उन्हीं की नियुक्ति की जाती है । इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर हम कानूनी सहायता देना चाहते हैं, लीगल एड देना चाहते हैं, तो अच्छे से अच्छे वकील मुकर्रर किये जाएं, जो दूसरे वकीलों का अच्छी तरह से मुकाबला कर सकें । ऐसी हमें व्यवस्था करनी चाहिए और अगर आप यह नहीं कर सकते, तो एक बात मैं सुझाव के तौर पर यह कहना चाहता हूं कि जो सीनियर एडवोकेट हैं, उनके लिए यह कम्पलसरी कर दिया जाएं, कि उन को ऐसे ग़रीब लोगों के लिए दो, तीन केस लड़ने पड़ेंगे । इस तरह की एक कन्डिशन, एक प्रीसीडेंट बना दिया जाए, ताकि उन को उन के केस लड़ने पड़ें । अभी जो लीगल एड दी जाती है उन ग़रीब लोगों को, तो उस में ऐसे वकीलों को रख दिया जाता है, जो केस फाइट नहीं कर सकते और इस का नतीजा यह होता है कि उन की डिफ़ीट होती है और फिर उनमें अनइजीनेस पैदा हो जाती है । तो लीगल एड के बारे में मैं यही कहना चाहता हूं कि पूरी दिलचस्पी लेकर केन्द्रीय सरकार को एक योजना बनानी चाहिए और प्रान्तीय सरकारों को इस सम्बन्ध में सचेत करना चाहिए ताकि ग़रीब आदमी अपने अधिकारों के लिए लड़ सकें । इस प्रकार की स्थिति बनाने की जरूरत है ।

एक बात मैं विशेष तौर पर बोंडेड लेबर के बारे में कहना चाहता हूं । यह हमारे देश के लिए एक बहुत ही बुरी चीज है और हमारे राजस्थान में बोंडेड लेबर अभी तक चल रही है । एक दफ़ा उन को कर्ज दे दिया, तो पांच साल के लिए, दस साल के लिए और यहां तक कि जिन्दगी भर के लिए बोंडेड लेबर के रूप में उन को काम करना पड़ता है । कानून इस सम्बन्ध में बनाए गये है । केन्द्रीय सरकार ने बनाए हैं और राज्य सरकारों ने भी बनाए हैं परन्तु उन का इम्प्लीमें-टेशन नहीं होता है, उन का कार्पान्वियन नहीं होता है, क्योंकि बोंडेड लेबर रखने वाले ऐसे आदमी हैं जो प्रभावशाली होते है । वे पार्टी का प्रोटेक्शन पा लेते हैं और उस प्रोटेक्शन की वजह से उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है । इसलिए मेरा कहना यह है कि जो व्यक्ति बोंडेड लेबर रखता है, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए और यह कार्यक्रम सभी पार्टियों को मिल कर करना चाहिए । यह किसी एक पार्टी का प्रश्न नहीं है, यह सभी पार्टियों का प्रश्न है और मेरा निवेदन यह है कि इस बोंडेड लेबर के प्रश्न को गंभीरता से लेना चाहिए ।

मैंने कुछ समस्याएं आप के सामने रखी हैं और वे महत्वपूर्ण समस्याएं हैं और इन को हल किया जाना चाहिए । अगर इन समस्याओं को हमें हल करना है तो हमें कुछ रद्दो-बदल करनी पड़ेगी । हमें अपने आर्थिक, सामाजिक ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन करना पड़ेगा । हमें ऐसे ठोस कदम उठाने पड़ेंगे जिनसे कि गरीबी मिटे । हमें इसके लिए विशेष योजनाएं बनानी पड़ेंगी । इसके लिए न केवल सरकार को ही बल्कि इस सदन के प्रत्येक सदस्य को और प्रत्येक जन-प्रतिनिधि को भी प्रयास करना पड़ेगा । यह प्रयास करके ही हम अपने देश का कल्याण कर सकते है ।

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : आदरणीय अधिष्ठाता जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर आये धन्यवाद के प्रस्ताव पर मुझे अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया ।

श्रीमन्, आप जानते हैं और यह सदन जानता है कि राष्ट्रपति जी का अभिभाषण सरकार की नीतियों का परिचायक होता है । इसके बारे में यह भी कहा जाता है कि यह राष्ट्रपति का अपना भाषण नहीं होता, बल्कि यह सेक्रेटेरियेट में लिखा जाता है । क्योंकि उन नीतियों का संचालन करने की जिम्मेदारी सरकार की हुआ करती है । सरकार जो काम करना चाहती है, जिन नीतियों पर चलना चाहती है उनका ब्यौरा वह अभि-भाषण में देती है । यह एक ऐसा दस्तावेज है जिसको पूरा करने के लिए सरकार हमेशा प्रतिबद्ध रहती है और उसको रहना भी चाहिए ।

श्रीमन्, मैंने इसको आद्योपान्त पढ़ा है । इस छोटे से अभिभाषण में 33 पैराग्राफ हैं । लेकिन

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

ऐसा लगता है कि जैसे गागर में सागर भर दिया गया हो। इसमें कोई ऐसा कोण नहीं है कि जिसमें भारत में जो समस्याएं हैं, उनका निदान न हो। अभी विरोधी दल के माननीय सदस्यों ने बेरोजगारी की बात कही। आपने सेल्स टेक्स खत्म करने की बात कही थी लेकिन आप उसे खत्म नहीं कर पाये। हमने जो इसमें लिखा है उसमें बेरोजगारी को दूर करना भी आ जाता है। जब आर्थिक समस्याओं का निदान होगा, खेतीबाड़ी ठीक होगी और उत्पादन बढ़ेगा तो बेरोजगारी भी अपने आप दूर होगी। बेरोजगारी तो आप स्वयं जानते हैं कि इतनी बड़ी समस्या है कि इसको एकदम दूर नही किया जा सकता है। न इसे पिछली सरकार की तरह झूठे वायदे कर के टाला जा सकता है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जो समस्याएं पैदा हो गई हैं, किसानों की अगर समस्याएं हैं तो वह किसान के बेटे ने पैदा की हैं। जिसको किसान का बेटा कहा जाता है, उसके राज में डीजल, मिट्टी का तेल, बिजली सभी गायब। इनकी बात तो हम यों भी कह सकते हैं कि शायद इन चीजों का सम्बन्ध बाहर की सप्लाई से ताल्लुक रखता था। पर चीनी कहां चली गई? आपके राज में चीनी कहीं देखने को नहीं मिल रही है।

मैं उत्तर प्रदेश की बात करता हूं। 65 प्रतिशत चीनी जो लेवी की थी, वह चीनी कारखाने वालों ने राशन की दुकानों को देना बन्द कर दिया। नतीजा यह है कि शक्कर ब्लेक मार्किट में पांच छः रुपये किलो बिक रही हैं। एक गरीब आदमी को राशन की दुकान से छंटाक भर चीनी नहीं मिलती है। (व्यवधान) आप यह भी नहीं कह सकते कि वहां लोकदल की सरकार है या जनता पार्टी की सरकार है। हम दोनों की ही सरकार मान लें तो दोष आप दोनों का ही है। बुद्धि एक ऐसा विषय है कि न तो इसको मैं विरोधी दल के भाइयों को कहीं से उधार ला कर दे सकता हूं और न किसी दुकान से इसकी कोई पुड़िया मिलती है जो मैं आठ आने या एक रुपये में वहां से ला कर इनको खिला दूं। बजाय बीच में टोका टाकी करने के हमारे विरोधी दल के भाई अगर अपनी बुद्धि को स्वयं ही तीव्र करें तो ज्यादा अच्छा होगा।

सभापति महोदय, ये सभी समस्याओं के जन्मदाता ढाई तीन साल के शासन में हो गए हैं। जब श्रीमती इंदिरा गांधी का शासन काल समाप्त हुआ उसके पहले उनकी एमरजेंसी का जो समय था जिसको आप बुरा कहते है मैं समझता हूं कि वह एक ऐसा समय था जब उत्पादन सब से ज्यादा बढ़ा था, बेरोजगारी सबसे ज्यादा दूर की गई है, महगाई अधिकतम कम की गई है, कोई ऐसा काम नहीं था कोई ऐसा मुद्दा नहीं था जो जनता की भलाई के लिए हो और उस पर काम न किया गया हो।

आप और हम दो ों को जनता को धन्यवाद देना चाहिए। 1977 में जनता न आपको बिठाया और तीन साल के बाद 1980 में जिन को यही से उतारा था उन्हें शासन में दुबारा ला कर बिठा दिया।

17.46 hrs.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

जनता बेवकूफ नहीं है मूर्ख नहीं है। वह अपने अधिकारों को समझती है। कौन उसे फायदा देता है, किससे उसे लाभ हो सकता है, कौन इस देश में सरकार को चला सकता है, कौन इस देश को स्थिर सरकार दे सकता है कौन इस देश का भविष्य उज्जवल कर सकता है, कौन इस देश में बातें बनाने के बजाय काम ज्यादा कर सकता है, इस बात को वह अच्छे तरीके से जान गई है। इसलिए पौने तीन साल में उसने उस सरकार को जिसको उसने बहुत प्रचन्ड बहुमत से चुना था, हटा दिया। मुझे यह कहने में भी कोई हिचक नहीं है कि यह सरकार भी अगर अच्छा काम नहीं करेगी तो जनता इतनी जागरूक है कि आपको कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी और जनता इसे भी अपने आप उतार कर फेंक देगी। यह समय ही बताएगा कि किसने कितना अच्छा काम किया है। जो जज है वह जानता है। वह देख रही हैं आपने क्या किया। आपने सिवाय इस ढाई तीन साल के अन्दर श्रीमती इंदिरा गांधी और श्री संजय गांधी को जेल में डालने की योजनाएं बनाने के सिवाय क्या किया यह आप हमें बताएं।

एक माननीय सदस्य: आप तो मांफी मांग कर आ गए थे।

श्री हरीश कुमार गंगवार: अगर हिन्दुस्तान भर में कहीं किसी भी जगह से कोई दस्तावेज लाकर आप मुझे यह दिखा दें कि मैंने माफी मांगी थी तो मैं यहां से इस्तीफा दे दूंगा (व्यवधान) इस में कोई शक नही है कि मैं जन-संघ का एम एल ए था। लेकिन जन संघ वालों ने जब अपना सब घोषणा पत्र समाप्त कर दिया तो मैं क्या कर सकता था। श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी बैठे हुए हैं। वह जानते हैं कि जब हम मैम्बर बनाने जाया करते थे तो उस में लिखा होता था कि अखंड भारत होगा, किसानों का लगान आधा होगा, गोवध बन्द होगा, हिन्दी हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा होगी, अणु बम बनेगा आदि। जब आप जनता पार्टी में मिले तो मैं जानना चाहता हूं कि कौन सा आपका सिद्धान्त इस जनता पार्टी के बसूलों में शामिल किया गया? कोई भी जन संघ वाला उठ कर बता दे। जन संघ वालों ने पूरे का पूरा अपना दल बदल किया है और जनता पार्टी के सामने अपने घुटने टेके हैं। एक भी सिद्धान्त उस में शामिल नहीं है जो जनता पार्टी का चुनाव घो ा पत्र है उस में। मैंने यह मुनासिब समझा कि पांच लंगड़े मिल जाएं तो एक साबुत आदमी नहीं बन जाता है उसी तरह से ऐसे लोग जिन की नीतियां खाली कुर्सी के लिए बनी हैं समाजवाद को खाली

को खाली जो धोखा देना चाहते हैं, उनके साथ न रह कर असली समाजवाद जिस के साथ है, उसके साथ जाया जाना चाहिये, उनके साथ समझौता किया जाना चाहिये। ऐसा करके मैंने अपना कर्तव्य पूरा किया है

मैं आप से यह पूछना चाहता हूं कि या यह सच नहीं है कि आपने चोर बाजारी को रोकने के लिए कानून बनाया, आर्डिनेन्स जारी करवाया? हिन्दुस्तान भर में यह बता दीजिये कि कितने आपने चोर बाजारियों को पकड़ा? एक भी नहीं। हां इस काम में जरूर उस अध्यादेश का उपयोग किया कि उससे रुपया वसूल कर लें और चुनाव लड़ें। पर एक भी आदमी ब्लैक मार्केट के आरोप में उस तरह से नहीं पकड़ा गया जिस तरह से पकड़ा जाना चाहिये था। और ब्लैक मार्केटिंग बराबर होती रही।

हरिजनों पर अत्याचार किये गये, हरिजनों के आम मसीहा बन कर बैठे थे लेकिन जगह जगह पर उन पर जो अत्याचार हुए उनके बारे में अन्य सदस्यों ने कहा है, मैं फिर उनका जिक्र नहीं करना चाहता। आप क्या करना चाहते थे वह आप सुन लीजिये। राजनारायण जी, कार्यकारी अध्यक्ष लोकदल ने स्पीच दी, उस समय जनता "एस" थी, लोकदल बाद में बना, उन्होंने कहा कि फ़रवरी के बाद चुनाव होने चाहियें। 15 दिन तक अखबारों में खबर आती रही कि लोगों की मांग आई है कि चुनाव के लिए अभी समय ठीक नहीं है, सूखा है और फ़रवरी के बाद चुनाव होना चाहिए। इसमें आपकी मंशा क्या थी? आप चाहते थे कि हरिजनों का आरक्षण समाप्त हो जाय। इसलिए चुनाव नहीं कराना चाहते थे। और हमने देखिए कि सीट पर आते ही सब से पहला काम यही किया और हरिजनों के हितों की रक्षा की। इसी से जाहिर होता है कि आप क्या चाहते थे, और हम क्या कर रहे हैं। पूत के पांव पालने में मालूम हो जाते हैं। हमने अच्छे कामों से शुरूवात की है, और आपको विश्वास दिलाते हैं कि अगर आप इसी तरह से थोड़ा हमको जोश दिलायें, बीच बीच में कुछ चुटकियां लेते रहें तो हमारा जोश और भी बढ़ेगा और हम और अच्छे काम करने में लगेंगे।

एक बात की ओर और मैं सदन का तथा राष्ट्र का ध्यान दिलाना चाहता हू कि उत्तर प्रदेश में चुनाव चौधरी चरण सिंह के रहते निष्पक्ष नहीं हो सकते। मैं उम्मीद करुगा और आवाज उठाता हूं कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कोई व्यवस्था होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों के और बीच के जिलों के कम से कम 50 क्षेत्र ऐसे होंगे जहां की पोलिंग बूथों का घेराव किया गया।

एक माननीय सदस्य : पाकिस्तान के बुलायेंगे चुनाव कराने को?

श्री हरीश कुमार गंगवार: दूसरों को वोट डालने नहीं दिये गये और एक ही आदमी मोहर लगा कर सारे बलट पेपर डाल गया। और इसी लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो लोक दल की जीत हुई है अगर समीक्षा करें तो आधे से ज्यादा सीटें ऐसी निकलेंगी जहां पोलिंग बूथ का घेराव कर के जबरदस्ती वोट डलवा लिये गये। मैं चुनाव जीता, जीतने के बाद लोक दल के लोगों ने मेरे चुनाव कार्यालय पर पिस्तौलों और बन्दूकों से हमला किया। दूसरे आपके यहां श्री राम चन्द्र विकल को बुरी तरह से घायल किया गया। यह इस बात का सूचक है कि आप शांतिपूर्ण चुनाव में विश्वास नहीं रखते हैं, निष्पक्ष चुनाव में विश्वास नहीं रखते हैं। धांधलेबाज़ी और तानाशाही करना चाहते हैं। तानाशाह आप श्रीमती इन्दिरा जी को बताते हैं। यह तानाशाह कौन है? आप यहां हाउस में कभी बैठे नहीं और प्रधान मंत्री देश के बने रहे। आपको राष्ट्रपति ने बुला लिया, उनको हक है मैजारिटी हो माइनारिटी हो, किसी भी आदमी को बुला सकते हैं। आज भी संविधान हमारा इसमें मौन है कि किसको बुलायें। जिसे चाहें राष्ट्रपति बुला सकते हैं प्रधान मंत्री पद देने के लिए। आपको प्रधान मंत्री बना दिया। आपका यह काम था कि आप अपना बहुमत सिद्ध करते क्योंकि उन्होंने विश्वास का मत प्राप्त करने को आपको समय दिया। जिस दिन विश्वास का मत प्राप्त करना था, उस दिन सीधे जा कर इस्तीफ़ा दे आये, लोक सभा को भंग करा दिया और चुनाव की घोषणा कर दी गई। उसके बाद चार चार, पांच पांच, मिनिस्टरों ने इस्तीफ़े दे दिये, पार्टी की पार्टी सरकार छोड़ कर चली गई, चौधरी चरण सिंह अल्पमत में हो गये, लेकिन उनकी कुर्सी उनको छोड़ना नहीं चाहती थी। मैं कैसे कहूं कि वह प्रधान मंत्री का पद को नहीं छोड़ पा रहे थे।

यह अच्छा नहीं होगा। प्रधान मंत्री की कुर्सी उनको छोड़ नहीं पा रही थी। वह कुर्सी ऐसे चिपक गई कि जब जनता ने वोट के द्वारा बाहर निकाल दिया, तब मजबूर हो कर वह बाहर गये। वह तो चुनाव कराना नहीं चाहते थे। उनकी मंशा देख कर राष्ट्रपति को स्वयं घोषणा करनी पड़ी कि देश में चुनाव कराये जायेंगे। चौधरी साहब ने घोषणा नहीं की।

वह कहते हैं कि इन्दिरा गांधी निरंकुश शासक थी। अगर वह 1977 में चाहती, तो एक साल और हुकूमत करती---संविधान के अनुसार, क्योंकि एक साल अभी बाकी था। लेकिन वह प्रजातंत्र में विश्वास रखती थी, इसलिए उन्होंने चुनाव की घोषणा कर दी। अगर एक साल और चुनाव न कराये होते, तो बहुत से विरोधी दल के लोग, जो जेल में पड़े हुए थे, माफ़ी मांग मांग कर कांग्रेस में शामिल हो कर इधर ही आ गये होते। हमारे मित्र इंदिरा गांधी को प्रजातंत्र विरोधी और निरंकुश बताते हैं। मेरी समझ में नहीं आता कि वे कौन सी राजनीति पढ़ते हैं। वे अपनी राजनीति को फिर से सुधारें। वे अच्छी किस्म की किताबें पढ़ा करें। इधर-उधर की किताबों से काम नहीं बनेगा।

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

मेरे साथी, श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा है कि राष्ट्रपति अपने अभिभाषण में नियोजन का जिक्र करना भूल गये। मेरा खयाल है कि चौधरी चरण सिंह और श्री राजनारायण भूल गये। वे लोग परिवार नियोजन के कारण कांग्रेस सरकार को हटा पाये थे। इसलिए जहां जहां नियोजन शब्द लगा था, चौधरी चरण सिंह और श्री राज नारायण उसको भूल गये कि कहीं हमारी सरकार भी इस नियोजन से न चली जाये। योजना बनाने की बात तो दूर, उन्होंने नियोजन शब्द ही नहीं रखा।

मैं जहां से चुन कर आता हूं, वहां बीस हजार बंगाली शरणार्थी बसे हुए हैं। वे शहर से कम से कम चालीस मील दूर, शारदा नदी के पार और दस पंद्रह मील दूर बसे हुए हैं। उनकी फूस की झोपड़ियां हैं, बांस के टट्टर बंधे हुए हैं। न उनके पक्के मकान हैं, न पाठशाला या स्कूल हैं, न डाकखाने खुले हुए हैं और न कोई सड़कें ही हैं। केन्द्र से जो सहायता मिलती थी, जनता पार्टी की सरकार ने ढाई साल से उसको बन्द कर रखा है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इन शरणार्थियों की, जिनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग भी हैं, समस्याओं का हल तुरन्त करें। उन को ग्राण्ट दें और जो पुवांया में रेलवे लाइन अंग्रेजों के जमाने में पड़ी हुई थी, वह बाद में उठा ली गई थी, उस से जनता को बड़ी परेशानी है। यह क्षेत्र शाहजहांपुर जिले में पड़ता है उस का सर्वे हो चुका है। उस रेलवे लाइन को फिर से डाला जाना चाहिए।

अन्त में, मैं एक शेर पढ़ देना चाहता हूं --

जो हो तारीफ़ कम है इन्दिरा तेरी सियासत की,
यह देसाई की अर्थी जा चुकी है या कि तिजारत की।

मैं आप का और माननीय विरोधी दल के सदस्यों का भी बहुत आभारी हूं कि मुझे बोलने का भरपूर मौका दिया। धन्यवाद।

18.00 hrs.

ANNOUNCEMENT *RE*: CANCELLATION OF LUNCH BREAK

MR. SPEAKER: A suggestion was made today that in order to make more time available for the discussion on the Motion of Thanks, lunch recess might be dispensed with tomorrow, 29 January, 1980. If the House agrees, we may agree to the suggestion.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. SPEAKER: Accordingly, there will be no lunch recess tomorrow.

I would also like to state that Members may please conclude their speeches on the Motion of Thanks on 29 January and the Prime Minister would reply to the Debate on the Motion on 30 January, 1980.

If the House so desires, we may continue for half-an-hour more now.

SEVERAL HON. MEMBERS: No.

MR. SPEAKER: All right.

18.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, January 29, 1980/Magha 9, 1901 (Saka).

GMGIPND—SI—2364 LS—21-2-80—890.